
तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, बुधवार, 28 मई 2025

11 नागरिक अस्पताल में पहुंची सी-आर्म मशीन...



12 रेलवे स्टेशन का वर्टिकल गार्डन उपेक्षा का शिकार...






## खबर संक्षेप

### छात्रों की आड़ में दंगे करवाना बीजेपी की मंशा

**सोनीपत।** आम आदमी पाटीर् के सोनीपत लोकसभा क्षेत्र अध्यक्ष देवेन्द्र गौतम ने अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर मामले में एबीवीपी द्वारा यूनिवर्सिटी गेट पर किए गए प्रदर्शन पर छात्रों के भविष्य को देखते हुवे चिंता जाहिर की है। देवेन्द्र गौतम ने कहा की अखिल भारतीय विधार्थी परिषद बीजेपी की छात्र विंग है। बीजेपी प्रोफेसर अली खान के मामले को तूल दिलवाकर छात्रों की आड़ में यूनिवर्सिटी में दंगे करवाना चाहती है। प्रोफेसर अली खान माननीय सुप्रीम कोर्ट से सशर्त जमानत पर है और मामला कोर्ट में विचाराधीन है।

### गांव बली कुतुबपुर में बंद मकान से लाखों की चोरी

**गन्नौर।** बली कुतुबपुर गांव में पूर्व सरपंच के भाई के बंद पड़े मकान में चोरी की वारदात सामने आई है। पूर्व सरपंच ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में ईश्वर ने बताया कि उनके भाई रामफल 28 अप्रैल से न्यूजीलैंड गए हुए हैं और उनका मकान बंद था। 25 मई को उन्होंने अपने भाई के मकान गए तो पाया कि मेन गेट का कुंडी टूटी हुई थी। अंदर जाकर देखा तो अलमारी और संदूक के ताले भी टूटे हुए मिले। रामफल ने फोन पर बताया कि अलमारी व संदूक में लगभग 5 लाख रुपये नकद, 8 तोले सोने के आभूषण और चांदी के पायल, सिक्के रखे हुए थे।

### अवैध शस्त्र सहित युवक गिरफ्तार

**खरखौदा।** पुलिस ने जटोला गांव में माइनर पर एक युवक को अवैध पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि जटोला माइनर पर एक युवक अवैध पिस्तौल लिए हुए किसी का इंतजार कर रहा है। पुलिस ने मौके पर जाकर देखा कि माइनर पर एक युवक खड़ा है। जो पुलिस को देखकर वहां से भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने युवक को काबू करके उसकी तलाशी ली तो उसके पास एक अवैध पिस्तौल बरामद हुआ।

### डीएलएसए द्वारा लगाए जाएंगे जागरूकता कैंप

**सोनीपत।** मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव प्रचेता सिंह ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस, बाल श्रम निषेध दिवस, व विश्व नशा मुक्ति दिवस, के उपलक्ष्य में जागरूकता कंपों का आयोजन किया जाएगा।

मिशन बुनियाद केंद्र विकल्प फाउंडेशन व शिक्षा विभाग हरियाणा के अंतर्गत चलाए जा रहे

# जिले में चल रहे बुनियाद केंद्रों पर नौवीं कक्षा का हुआ शुभारंभ



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थीगण।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

जिले भर में चल रहे बुनियाद केंद्रों पर नौवीं कक्षा का ऑनलाइन माध्यम से शुभारंभ किया गया। ये मिशन बुनियाद केंद्र विकल्प फाउंडेशन और शिक्षा विभाग हरियाणा के अंतर्गत चलाए जा रहे हैं। मंगलवार को शिक्षा विभाग पंचकूला से संयुक्त निदेशक एचसीएस हरप्रीत कौर ने नौवीं कक्षा का आनलाइन माध्यम से शुभारंभ किया। विकल्प फाउंडेशन के संस्थापक नवीन मिश्रा, बुनियाद के निदेशक प्रदीप सनसनवाल व राज्य की तरफ से जिला शिक्षा अधिकारी सोनीपत नवीन गुलिया ने आनलाइन माध्यम से प्रदेश भर के विद्यार्थियों को मिशन बुनियाद व सुपर-100 के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

जिले में मंगलवार सुबह माडल टाउन स्थित राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे बुनियाद केंद्र का जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया ने रिबन काटकर व दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस दौरान जिला विज्ञान विशेषज्ञ सुरेंद्र सिंह, प्राचार्य संजीव दहिया, बुनियाद केंद्र की समन्वयक काजल किरण व पिंकी मौजूद रही। जिले में अन्य खंडों राई, गन्नौर व गोहाना में चल रहे बुनियाद केंद्रों में संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी व प्राचार्य ने नौवीं कक्षा का शुभारंभ करवाते हुए विद्यार्थियों को नियमित कक्षा लगाने और योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन स्कूल परिसर में तुलसी का पौधा लगाकर किया गया।

### जिले में यहां चल रहे बुनियाद केंद्र

| खंड | बुनियाद केंद्र |
|---|---|
| सोनीपत | राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, माडल टाउन |
| राई | राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बीसवांमील |
| गोहाना | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गोहाना |
| गन्नौर | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गन्नौर |

### 40 बच्चों ने बुनियाद कार्यक्रम में लिया दाखिला

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीसवांमील में विकल्प फाउंडेशन ओर शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार के अंतर्गत चलाए जा रहे मिशन बुनियाद कार्यक्रम में आज नौवी कक्षा का शुभारंभ किया गया। राई ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों से टेस्ट देकर पास हुए 40 बच्चों ने आज मिशन बुनियाद कार्यक्रम में दाखिला लिया। सभी विद्यार्थियों का विद्यालय में पहुंचने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र खापरा व मिशन बुनियाद की कोऑर्डिनेटर दीपाली ने फूल मालाओं से व तिलक लगाकर स्वागत किया। सभी विद्यार्थियों को कोऑर्डिनेटर व विद्यालय प्रधानाचार्य की तरफ से मिठाई व गिफ्ट भेंट किए गए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। विद्यार्थियों को एक सम्मान देने के लिए विद्यार्थियों से ही दीप प्रज्वलन करवाया गया और रिबन भी कटवाया गया इससे विद्यार्थियों में एक उत्साह और साहस भरेगा। यह कार्यक्रम पूरे हरियाणा में वीडियो कांफ्रेंस के जरिए करवाया गया। इसमें जॉइंट डायरेक्टर शिक्षा विभाग पंचकूला व सोनीपत जिला के जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया व सभी खण्ड के खण्ड शिक्षा अधिकारी व विकल्प फाउंडेशन के पदाधिकारी ने भाग लिया। अंत में विद्यार्थियों ने गमले में पौधा लगाकर कार्यक्रम का समापन किया।

# भोगीपूर-राजलू गढ़ी सड़क निर्माण अधर में, ग्रामीणों को हो रहें परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गन्नौर



गन्नौर। निर्माणाधीन भोगीपूर-राजलू गढ़ी सड़क मार्ग पर डाले गए पत्थर।

गांव भोगीपूर से राजलू गढ़ी तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है, जिससे ग्रामीणों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निर्माण एजेंसी ने सड़क पर पत्थर डालने के बाद तारकोल और बजरी का कार्य नहीं किया, जिससे सड़क पर चलना जोखिम भरा हो गया है। स्थानीय निवासी सुरेंद्र, सतबीर और विकास ने बताया कि निर्माण कार्य शुरू हुए एक महीना हो चुका है, लेकिन ठेकेदार ने केवल गांव के पास टाइलें बिछाई हैं। दोनों गांवों के बीच की सड़क पर केवल पत्थर डालकर कार्य छोड़ दिया गया है। इससे दोपहिया वाहन चालकों के पहिए फिसल जाते हैं और कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। ग्रामीणों ने विधायक और प्रशासन से मांग की है कि वे जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य को पूरा करवाएं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अधूरी सड़क के कारण न केवल दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है, बल्कि धूल और गंदगी से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी उत्पन्न हो रही हैं।

### बरसात के कारण रुका काम

इस बारे में जेई नवनीत कुमार ने बताया कि बरसात की वजह से काम रोकना पड़ा। जल्द ही सड़क निर्माण का कार्य पुनः शुरू करवाया जाएगा। सड़क की चौड़ाई को भी एक समान किया जाएगा। जिसके बाद लोगों को आने-जाने में सुविधा मिलेगा।

## वार्ड पंद्रह में 9 लाख रुपये की लागत से बनेगी सड़क



गोहाना। ठनप चेयरपर्सन रजनी विरमानी सडक़ निर्माणकार्य का शुभारंभ करते हुए।

**गोहाना।** नगर परिषद (नप) द्वारा वार्ड संख्या 15 में बहुप्रतीक्षित कंक्रीट सड़क के निर्माणकार्य का शुभारंभ मंगलवार को नप चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने नारियल फोडक़र किया। सडक़ निर्माण पर 9 लाख रुपये खर्च होंगे। वार्ड संख्या 15 के लोग काफी दिनों से कंक्रीट और सीमेंट की सडक़ बनाने की मांग कर रहे थे। नप द्वारा अब लोगों की इस मांग को पूरा किया जाएगा। नप द्वारा सडक़ निर्माण के साथ-साथ दोनों ओर पाइपलाइन की दबाई जाएगी ताकि जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। सडक़ के साथ पाइपलान दबाने से क्षेत्र में दूषित पानी की निकासी का समुचित समाधान हो सकेगा। सडक़ निर्माण कार्य वार्ड पार्षद अंजू विनोद राजौरा के सक्रिय प्रयासों से संभव हो पाया है। इस अवसर पर पार्षदगण जतिश कपूर, मुकेश देवगन, नन्हा राम, नरेंद्र, राम सिंह सैनी, निपुण सहरावत, राजेश (सोनू) और मुकेश पुरुथी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# खान कॉलोनी बनी स्तंत्र नगर, मदीना मस्जिद पटेल नगर बना शांति विहार

- पिछले माह नगर निगम की हाउस बैठक में पास किया गया था प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत



मेयर राजीव जैन।

खान कॉलोनी और मदीना मस्जिद पटेल नगर कॉलोनी का नाम बदल दिया गया है। खान कॉलोनी को स्वतंत्र नगर और मदीना मस्जिद पटेल नगर कॉलोनी को शांति विहार नाम दिया गया है। इससे संबंधित प्रस्ताव पिछले माह नगर निगम में हुई हाउस की बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया था।

25 अप्रैल को हुई बैठक में कॉलोनी वासियों की मांग पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किए गए। खान कॉलोनी का नाम बदलने के पीछे इतिहास बताया गया कि पहले सेक्टर-12 के साथ लगते इस इलाके में रेत खनन होता था। जब यहां रिहाइश शुरू हुई तो नाम ही खान कॉलोनी प्रचलन में आ गया।

इसी तरह पटेल नगर में मुस्लिम समुदाय की ओर से मस्जिद का निर्माण किया गया तो कॉलोनी पूरी तरह बसने के बाद कुछ लोगों ने कॉलोनी का नाम पटेल नगर से बदलकर मदीना मस्जिद कर दिया। स्थानीय लोगों को इस नाम पर एतराज था और उन्होंने एक ज्ञापन पार्षद और आयुक्त को सौंपकर कॉलोनी का नाम मदीना मस्जिद से शांति विहार रखने की मांग की थी। नगर निगम की हाउस की बैठक में एजेंडा रखा गया तो सभी पार्षदों ने हाथ खड़े करके समर्थन किया।

### झगड़े के बाद चर्चा में आई थी कॉलोनी

सेक्टर-12 के साथ लगती खान कॉलोनी कुछ समय पहले ही चर्चा में आई थी। कॉलोनी में दो समुदायों का झगड़ा हो गया था। जिसके बाद कॉलोनी काफी समय तक चर्चा में रही थी। कॉलोनी में शांति बनाने के लिए पुलिस बल तक को तैनात करना पड़ा था। कॉलोनी में समुदाय के लोगों ने हनुमान चालीसा का पाठ तक किया था।

### स्थानीय नागरिकों की मांग हुई पूरी

*दो कॉलोनियों का नामकरण नए नाम पर करने की मांग लंबे समय से उठ रही थी। स्थानीय नागरिकों की मांग को पूरा किया गया है।*

*-राजीव जैन, मेयर, नगर निगम*

# नई पेयजल आपूर्ति लाइन दबाने का काम बना जी का जंजाल

- शहरवासी रोष प्रकट करने पहुंचे जनस्वास्थ्य विभाग
- उबड़- खाबड़ गलियां और उनमें पानी के कनेक्शन न करने से परेशान है लोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गन्नौर



गन्नौर। जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यालय में पहुंची परेशान शहर की महिलाएं।

जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा शहर में अमृत टू मिशन के तहत दबाई जा रही पेयजल आपूर्ति लाइन शहरवासियों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत और ठेकेदार की मनमानी के चलते लोग पेयजल को तरस रहे है। गर्मी में पेयजल समस्या से परेशान होकर मंगलवार को नगरपालिका के वार्ड 10 की महिलाओं ने जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यालय में पहुंचकर विभाग की कार्यप्रणाली के प्रति रोष व्यक्त किया।

वार्डवासी सुनीता, संतोष, बिमला, नरेश, सतबीर, विकास, महेन्द्र ने बताया कि जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा एक सप्ताह पहले उनकी गली में ईदगाह रोड के पास चौपाल के पास अृमत टू के तहत पेयजल आपूर्ति लाइन के लिए नई पेयजल आपूर्ति लाइन बिछाई गई थी। उसके दबाने के बाद नई पेयजल आपूर्ति लाईन में लोगों के पानी के कनेक्शन किए बिना पुरानी पेयजल आपूर्ति लाइन की सप्लाई को भी बंद कर दिया। गर्मी के मौसम में अब लोग पेयजल को तरस रहे है। गर्मी में पेयजल समस्या से परेशान जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यालय में पहुंचे लोगों ने विधायक देवेन्द्र कादियान व एसडीएम से गर्मी में पेयजल समस्या को दूर करने की मांग की।

### पहले पुरानी पाइप ठीक करवाएं प्रशासन

शहरवासियों ने बताया कि अृमत टू के तहत दबाई जा रही पेयजल आपूर्ति लाईन को जल्दी ही दबाकर अपना काम पूरा करने का विभाग के अधिकारियों से मिलभगत करके ठेकेदार ने टारगेट बना लिया है। उन्हें परेशान जनता से कोई सरोकार नही है। वे जल्दबाजी में नई लाईन दबाए जा रहे है और उसके पीछे न तो उखाड़ी गई गलियों को ठीक कर रहे है और न ही लोगों की पेयजल समस्या को दूर कर रहे है। इसलिए प्रशासन को पाईप दबाने की तेज रफ्तार पर रोक लगाते हुए पहले उखाड़ी गई गली को ठीक कराना चाहिए और साथ- साथ पेयजलू आपूर्ति के भी नई लाईन में कनेक्शन करवाने चाहिए। उबड़ - खाबड़ गलियां और उनमें बरसात होने पर कीचड़ से उनका जीना दूभर हो जाता है।

### पानी के कनेक्शन करना ठेकेदार का काम : जेई

जनस्वास्थ्य विभाग के जेई श्यामलाल ने बताया कि उन्हें पाईप लाईन दबाने के काम का तीन दिन पहले ही चार्ज मिला है। अब वे लाईन दबाने के बाद पानी के कनेक्शन करवाने के साथ गली को समतल करवाने का काम करवाएंगे। लाईन दबाने व कनेक्शन करने का एक ही एजेंसी के पास काम है। विभाग के कार्यालय में मंगलवार को शहरवासी आए थे, उनकी गली में ठेकेदार की लेबर के परिवार में मौत होने के कारण उनके पानी के कनेक्शन नई पाईप लाईन में नही जुड़े थे। अब लाईन जोड़ने के लिए ठेकेदार की लेबर को भेज दिया है। अब सभी कमियों को धीरे- धीरे दूर कर दिया जाएगा।

### कार्यप्रणाली में सुधार नहीं हुआ तो होगी कार्रवाई

परेशान लोगों की समस्या के बारे में एसडीएम ने बताया कि गली उखाड़कर समतल नही की जा रही, अब पेयजल कनेक्शन नही करने का मामला संज्ञान में आया है। अब की बार पेयजल आपूर्ति लाईन से लोगों के परेशान होने की समस्या आती है तो ठेकेदार व संबधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



गन्नौर। तौली की राजस्व सीमा में दतौली-घसौली रोड़ पर नगर योजनाकार विभाग की टीम प्लांटों की नींव गिराते हुए।

# गांव दतौली की राजस्व भूमि पर किए जा रहे अवैध निर्माण ध्वस्त

**गन्नौर।** जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) अजमेर सिंह के निर्देशन में मंगलवार को शहर में पनप रही अवैध कॉलोनियों और निर्माणों को ध्वस्त करने के लिए अभियान चलाया गया। गांव दतौली की राजस्व सीमा में दतौली-घसौली रोड़ पर नगर योजनाकार विभाग की टीम एटीपी मंदीप व जेई सुमित लोहान के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ जेसीबी को लेकर पहुंची और लगभग 1.5 एकड़ भूमि पर विकसित किया जा रहा अवैध निर्माण पर कार्रवाई करते हुए 10 डीपीसी व 187 मीटर कच्चा रोड को ध्वस्त किया गया। कार्रवाई के दौरान प्लाटों की नींव भरने वाले प्लाट धारकों में हड़कंप मच गया। वे अपने प्लाटों की नींव को गिराने से बचाने की गुहार लगाते नजर आए। डीटीपी अजमेर सिंह ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें।

### लंबित पड़ी मांगों को लेकर अधीक्षक अभियंता के साथ की बैठक

**सोनीपत।** आज हरियाणा गर्वनमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन के एक शिष्टमंडल ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग सोनीपत अधीक्षक अभियंता राजीव गुप्ता के साथ उनके कार्यालय में बैठक की। ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा की अध्यक्षता में गए प्रतिनिधिमंडल ने अधीक्षक अभियंता के साथ संस्था शिष्टमंडल द्वारा कर्मचारियों की लंबित पड़ी मांगों बारे के समाधान को लेकर चर्चा की। संगठन द्वारा कर्मचारियों की मांगों को पूरा करने को लेकर अधीक्षक अभियंता कार्यालय को मौखिक और लिखित में अनेकों बार मांग पत्र सौंपा हुआ है परंतु कर्मचारियों की बहुत सी मांगे अभी तक पेंडिंग हैं जिसका अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है।

## समाचार पत्र एवं पत्रिका के लिए 30,000 रूपये की राशि प्रदान की गई

# पीएम श्री विद्यालयों के विद्यार्थी रहेंगे अपडेट

- पीएमश्री स्कूलो को समाचर पत्र एवं पत्रिका लेना अनिवार्य
- जिले के 11 पीएमश्री स्कूलो के लिए 3,30,000 की ग्रांट पास

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

पीएम श्री विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को देश दुनिया की खबरों से अपडेट रखने के लिये शिक्षा विभाग ने नई पहल शुरू की है। जिसके तहत माध्यमिक विद्यालयों को शिक्षा विभाग द्वारा 30,000 रुपये प्रति विद्यालय की दर से समाचार पत्र व पत्रिका खरीद हेतु विशेष ग्रांट जारी की गई है। जिले में 11 पीएमश्री स्कूल हैं। इसत रह से जिले के 11 पीएम श्री स्कूलों को कुल 3 लाख 30 हजार रुपये की ग्रांट जारी की गई है।

इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में समसामयिक घटनाओं की समझ, लेखन क्षमता, समाचारों की जागरूकता और रचनात्मकता को बढ़ावा देना है। शिक्षा विभाग के अनुसार यह राशि विद्यालयों में विद्यार्थियों को समाचार पत्र, पत्रिकाएं एवं करंट अफेयर्स की जानकारी देने हेतु प्रयोग की जाएगी। इसके अतिरिक्त, विद्यालयों को निर्देश दिए गए हैं कि वे इस राशि का उपयोग विद्यालय स्तर पर दीवार पत्रिका (वॉल मैगज़ीन), हस्तलिखित पत्रिका, समाचार गतिविधियां एवं विषयगत प्रतियोगिताओं में करें, जिससे विद्यार्थियों की रचनात्मकता को मंच मिले। शिक्षा में नवाचार का सार्थक प्रयास शिक्षा मंत्रालय का यह कदम न केवल शिक्षण प्रणाली को आधुनिक बनाएगा, बल्कि विद्यार्थियों में जिज्ञासा, जागरूकता और अभिव्यक्ति कौशल को भी बढ़ावा देगा। भविष्य में इन विद्यालयों को अत्याधुनिक मॉडल स्कूलों के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, डिजिटल संसाधन और समकालीन विषयों पर आधारित शिक्षण की व्यवस्था होगी।

### विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास विकास के लिए प्रयास

*पीएमश्री योजना के अंतर्गत यह अनुदान विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक प्रयास है। समाचारों के माध्यम से छात्रों को वैश्विक घटनाओं की जानकारी मिलेगी, उनकी भाषा-शैली में सुधार होगा और वे भविष्य में बेहतर लेखक, पत्रकार या अधिकारी बन सकेंगे। -सुजाता खत्री, जिला परियोजना संयोजक, सोनीपत।*

### इन विद्यालयों को मिलेगी ग्रांट

| क्रम संख्या | ब्लॉक का नाम | विद्यालय का नाम |
|---|---|---|
| 1 | गन्नौर | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दत्तौली |
| 2 | गन्नौर | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेगा |
| 3 | गोहाना | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढ़ी उजाले खां |
| 4 | खरखौदा | राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फरमाना |
| 5 | खरखौदा | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरखौदा |
| 6 | मुंडलाना | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छतेहरा |
| 7 | राई | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एपी बारोटा |
| 8 | राई | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुंडली |
| 9 | सोनीपत | राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुरथल |
| 10 | सोनीपत | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़ौली |
| 11 | सोनीपत | राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सोनीपत |


कुल अनुदान राशि: 3,30,000 रूपये



# 'हाउसफुल 5' का ट्रेलर रिलीज कॉमेडी का मिला फुल डोज...

**मुंबई।** बॉलीवुड की सबसे हिट कॉमेडी फ्रेंचाइजी में से एक हाउसफुल एक बार फिर से दर्शकों को हंसी का फुल डोज देने के लिए तैयार है। 'हाउसफुल 5' का ट्रेलर अब सामने आ चुका है और इसे देखकर फैंस की उत्सुकता और भी बढ़ गई है। फिल्म में एक बार फिर से अक्षय कुमार और रितेश देशमुख की जोड़ी धमाल मचाने को तैयार है। साथ ही इस बार कॉमेडी का तड़का लगाने के लिए कई नए चेहरे भी नजर आने वाले हैं। फिल्म में अक्षय कुमार, रितेश देशमुख से लेकर संजय दत्त, जैकलीन फर्नांडिस, नरगिस फाखरी, सोनम बाजवा नजर आ रही हैं। इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं तरुण मनसुखानी।

## लाइफ Style



# नोरा
## अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड में बिखेरा जलवा

अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड्स 2025 के 51वें संस्करण का आयोजन बीते दिन सोमवार को लास वेगास में हुआ। हालांकि, भारत में इसका प्रसारण मंगलवार की सुबह हुआ। इस समारोह में दुनिया भर के दिग्गज कलाकारों ने शिरकत की। इसी कणी में भारतीय अभिनेत्री नोरा फतेही ने भी शानदार प्रस्तुति दी, जिस कारण वहां मौजूद सभी लोगों का ध्यान एक्ट्रेस ने अपनी ओर खींच लिया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड्स में शामिल हुईं, जिसे अमेरिकन सिंगर जेनिफर लोपेज द्वारा आयोजित किया गया है। एक्ट्रेस ब्लैक कलर की वन पीस ड्रेस पहने नजर आ रही हैं, जिस पर शीशे और मोतियों से भी वर्क हुआ है। इसके साथ उन्होंने अपने बालों को खुला रखा है और हल्के मेकअप के साथ शानदार अंदाज में पोज देकर तस्वीरें क्लिक करा रही हैं, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हाल ही में बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही अपने नवीनतम सिंगल म्यूजिक 'स्नेक' की सफलता के बाद से ऊंचाइयों को छू रही हैं, क्योंकि इसे काफी पंसद किया जा रहा है। इस संगीत में अभिनेत्री के साथ अमेरिकन गायक और डांसर जेसन डेरुलो भी शामिल हैं। दोनों के द्वारा तैयार किया गया यह ट्रैक 'स्नेक' न केवल बीबीसी एशियन म्यूजिक चार्ट में शीर्ष पर रहा, बल्कि 130 मिलियन से अधिक बार देखा गया। इस उपलब्धि ने दुनियाभर में अभिनेत्री के प्रशंसकों और भारतीय संगीत प्रेमियों को खुश कर दिया है। नोरा फतेही के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्हें आखिरी बार 'द रायल्स' सीरीज में देखा गया था। इसके अलावा वह अभिषेक बच्चन अभिनीत फिल्म 'बी हैप्पी' में भी नजर आईं थीं।

## हॉलीवुड मसाला



# पुरुष-महिला डांसर्स को किया किस

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड 2025 में कुछ ऐसा हुआ जिसे देखकर हर कोई शॉक्ड रह गया। दरअसल, एक्टर-सिंगर जेनिफर लोपेज अवॉर्ड समारोह की ओपेनिंग सेरेमनी में परफॉर्मेंस दे रही थीं। तभी जेनिफर ने कुछ ऐसा किया कि वहां बैठे लोग हैरान रह गए। जेनिफर लोपेज ने अपन परफॉर्मेंस के दौरान स्टेज पर ही अपने साथ डांस करने वाले तीन बैकस्टेज डांसर्स को किस कर लिया। इनमें लड़के और लड़कियां दोनों शामिल थे। जेनिफर ने अवार्ड शो की शुरुआत डांस मेडली से की, जिसमें उनके कई बैकअप डांसर्स के साथ एक धमाकेदार किस-ऑफ भी शामिल था।




# जस्टिन बीबर लाइव शो में हुए बेकाबू ...

**लॉस एंजिल्स।** म्यूजिक आइकॉन जस्टिन बीबर एक बार फिर चर्चा में हैं। उन्होंने लॉस एंजिल्स के सोफी स्टेडियम में सोलाना इमानी रोवे और केंड्रिक लैमर के 'ग्रैंड नेशनल टूर' कॉन्सर्ट में सरप्राइज अपीयरेंस से दर्शकों को हैरान कर दिया। उन्होंने स्टेज पर सोलाना इमानी रोवे के साथ परफॉर्म किया। लेकिन, देखते ही देखते सिंगर ने उनके हाथों पर चूमना शुरू कर दिया। उनकी ये हरकत कई यूजर्स को पसंद नहीं आई। वो ये कह रहे हैं कि ये सब देखकर उनकी बीवी हैली बीबर के ऊपर क्या बीत रही होगी! जस्टिन बीबर का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और एक बार फिर सिंगर की मेंटल हेल्थ पर सवाल उठने लगे हैं। वो स्टेज पर गाना गाते-गाते कहीं खो से गए। फिर उन्होंने एसजेडए का हाथ चूम लिया। ये सबकुछ फैंस को अटपटा सा लग रहा है।



# लोगों से हजम नहीं हो रहा मेरा सम्मान

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने हाल ही में 78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपनी ग्लैमरस मौजूदगी से खूब सुर्खियां बटोरीं। इसी बीच हाल ही में अभिनेत्री का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें उर्वशी एक होटल की सीढ़ियों पर पोज देती नजर आईं। इसके बाद एक इन्फलुएंसर ने दावा किया गया कि उन्होंने फोटोशूट के लिए रास्ता जाम कर दिया था, जिससे दूसरे लोगों को परेशानी हुई। इन आरोपों पर अब उर्वशी ने चुप्पी तोड़ ली है। उर्वशी ने सोशल मीडिया पर एक लंबा पोस्ट शेयर कर सभी आरोपों को बेबुनियाद करार दिया। उन्होंने आगे लिखा कि कुछ लोग इस सच्चाई को पचा नहीं पा रहे कि एक भारतीय अभिनेत्री ग्लोबल लेवल पर इतनी सराहना पा रही है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर करते हुए लिखा कि उनका फोटोशूट पूरी तरह से नियमों के तहत हुआ था।



# बिग बी ने जीवन संघर्ष पर किया पोस्ट

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहते हैं। वे फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम के अलावा ब्लॉग भी लिखते हैं। नियमित रूप से इन प्लटेफॉर्म पर वे अपने निजी और पेशेवर जिंदगी से जुड़ी चीजें शेयर करते हैं। हालांकि, पिछले कुछ वक्त से वे एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर ब्लैंक पोस्ट कर रहे थे। मगर, अब यह सिलसिला तोड़ दिया है और पोस्ट के साथ कुछ विचार या अपडेट लिखते हैं। मंगलवार को उन्होंने एक पोस्ट शेयर कर अपने दिवंगत पिता व कवि हरिवंश राय बच्चन की कविता की एक लाइन लिखी। 'जब तक जीवन है, तब तक संघर्ष है'। ये लाइनें कवि हरिवंश राय बच्चन की लिखी हुई हैं। अमिताभ बच्चन का पोस्ट आते ही हमतरह नेटिजन्स के रिएक्शन आने लगे।

## टीवी मसाला



# कभी मिलते थे 50 रुपए, 'जेठालाल' कैसे बने करोड़ों के मालिक...

**नई दिल्ली।** टीवी के सबसे चहेते किरदारों में से एक 'जेठालाल'को कौन नहीं जानता। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा'में जेठालाल का किरदार निभाने वाले दिलीप जोशी ने 26 मई को अपना 57वां जन्मदिन मनाया। लेकिन, इस मुकाम तक पहुंचने की उनका सफर आसान नहीं रही। कभी 50 रुपए के लिए नाटकों में बैकस्टेज काम करने वाले दिलीप जोशी आज टीवी इंडस्ट्री के सबसे महंगे एक्टर्स में से एक हैं। दिलीप जोशी का जन्म 26 मई 1968 को गुजरात के पोरबन्दर में हुआ। उन्होंने काफी समय तक थिएटर किया और उसके बाद वो एक्टिंग में आए। उनका एक्टिंग कॅरियर फिल्मों से शुरू हुआ था। उन्होंने सलमान खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'मैंने प्यार किया' में रामू का किरदार निभाया था, जिसमें वो एक हाउस हेल्प के रोल में नजर आए थे। इसके बाद उन्होंने शाहरुख खान के साथ 'वन 2 का 4' में भी काम किया। फिल्म में उनका किरदार छोटा जरूर था, लेकिन दिल जीत लेने वाला था। इसके अलावा वो हम आपके हैं कौन, फिर भी दिल है हिन्दुस्तानी, खिलाड़ी 420, दिल है तुम्हारा जैसी कई फिल्मों में नजर आ चुके हैं। सफलता की इस चमक के पीछे एक लंबा संघर्ष छिपा है। एक इंटरव्यू में दिलीप जोशी ने खुलासा किया था कि एक्टिंग में कॅरियर बनाने से पहले वो लगभग एक साल तक बेरोजगार रहे। इस दौरान उन्होंने एक ट्रेवल एजेंसी में को-ओनर के रूप में काम किया था। करीब पांच साल तक उन्होंने वहां काम किया, लेकिन उनका दिल तो एक्टिंग में ही था। जब काम नहीं मिला तो वो किसी भी छोटे-मोटे रोल को करने के लिए तैयार रहते थे।

## कुश शाह ने क्यों छोड़ा 'तारक मेहता' शो

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा'पिछले डेढ़ दशक से भी ज्यादा समय से दर्शकों को एंटरटेन कर रहा है। इस दौरान कई सितारे इस शो से



बाहर हो चुके हैं। हाल ही में गोली का किरदार निभाने वाले कुश शाह ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा'को छोड़ने को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि उन्हें शूटिंग की आज भी बहुत याद आती है। कुश ने यह भी कहा कि शो छोड़ना उनके लिए जरूरी था ताकि वह कुछ अलग कर सकें। मुझे सेट्स पर रहना बहुत याद आता है, क्योंकि वही मेरा घर था। लेकिन, मुझे अपने लिए यह फैसला लेना पड़ा, क्योंकि अब मैं 27 साल का हो गया हूं और मुझे लगा कि अब कुछ करने का वक्त आ गया है। मुझे लगता है कि यह शो हमेशा चलता रहेगा, क्योंकि दर्शक इसे प्यार करना बंद नहीं करेंगे। कुश शाह ने कहा, 'मुझे तारक मेहता शो, वहां के लोग, सब बहुत पसंद हैं। मैं उस माहौल का सच में दीवाना था। हमने कोविड के दौरान भी शूटिंग की थी। हम दमन शिफ्ट हो गए थे और वहीं शूट किया था। ऐसा एक भी दिन नहीं गया, जब मैं सुबह उठा हूं और कहीं जाना नहीं पड़ा हो।

# दीपिका के फिल्म छोड़ने पर भड़के संदीप वांगा...

**मुंबई।** मशहूर निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'स्पिरिट'को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। फिल्म से दीपिका पादुकोण के बाहर होने के बाद अब तृप्ति डिमरी को बतौर लीड एक्ट्रेस शामिल किया गया है। लेकिन, दीपिका पादुकोण के फीस और काम के घंटों को लेकर फिल्म छोड़ने का विवाद अब गहराता जा रहा है। क्योंकि, अपने बेबाक बयानों के लिए मशहूर संदीप रेड्डी वांगा दीपिका पादुकोण के इस फैसले से नाखुश हैं। निर्देशक ने सोशल मीडिया पर क्रिप्टिक पोस्ट किया है, जिसे दीपिका पादुकोण से जोड़कर देखा जा रहा है। संदीप ने लिखा है, जब मैं किसी एक्टर को कहानी सुनाता हूं, तो मैं उस पर 100% भरोसा करता हूं। हमारे बीच एक अनकहा



एनडीए (नॉन डिस्क्लोज एग्रीमेंट) होता है। लेकिन, ऐसा करके, आपने उस व्यक्ति को डिस्क्लोज कर दिया है, सामने ला दिया है, जो आप वास्तव में हैं। एक युवा एक्टर को नीचा दिखाना और मेरी कहानी को बाहर करना? क्या यही आपका फेमिनिस्म है? एक फिल्म निर्माता के रूप में मैंने अपने क्राफ्ट के पीछे सालों की कड़ी मेहनत की है। मेरे लिए फिल्म मेकिंग ही सब कुछ है।

# संजय दत्त की वो ब्लॉकबस्टर, जिसे साउथ ने 4 बार किया कॉपी-पेस्ट...

*नई दिल्ली। संजय दत्त की फिल्म 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' को शाहरुख खान, विवेक ऑबेरॉय और अनिल कपूर ने रिजेक्ट किया था।राजकुमार हिरानी द्वारा निर्देशित इस फिल्म ने संजय के करियर को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। यूं तो संजय दत्त ने कॅरियर में कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। मगर एक ब्लॉकबस्टर ऐसी है जिसे शाहरुख खान, विवेक ऑबेरॉय से लेकर अनिल कपूर जैसे स्टार्स ने रिजेक्ट कर दिया था। मगर जब संजय दत्त ने वो फिल्म की, तो ये उनके कॅरियर के लिए जैकपॉट साबित हुई। साउथ में भी कई भाषाओं में इसके रीमेक बने और सब के सब हिट साबित हुए।*

**सुनील दत्त भी आए थे नजर :** ये है 'मुन्नाभाई एमबीबीएस'। जिसे राजकुमार हिरानी ने लिखा और डायरेक्ट भी किया। साल 2003 में आई इस फिल्म ने एक बार फिर संजय दत्त के कॅरियर की जड़े मजबूत कर दी। जिसमें उनके पिता सुनील दत्त भी नजर आए थे। इसके अलावा अरशद वारसी, रोहिणी और ग्रेसी सिंह भी फिल्म का हिस्सा थे।



**मिला था नेशनल अवॉर्ड :** 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' को न सिर्फ समीक्षकों और फैंस ने पसंद किया, बल्कि साल 2004 में बेस्ट पॉपुलर फिल्म के लिए नेशनल अवॉर्ड भी मिला था। ये शुरुआत में शाहरुख खान, आर माधवन, अनिल कपूर और विवेक ओबेरॉय के पास भी पहुंची थीं, लेकिन फिर उन्होंने रिजेक्ट कर दी थी।

**'लगे रहो मुन्ना भाई' भी सुपरहिट हुआ साबित :** 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' का बजट 12 करोड़ रुपए था और इसने 33 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। फिल्म इतनी हिट हुई कि 2006 में इसका सीक्वल 'लगे रहो मुन्ना भाई' भी आया और वो भी सुपरहिट साबित हुआ। मुन्ना भाई 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' को हॉलीवुड फिल्म 'पैच एडम्स' से प्रेरित बताया जाता है, जिसमें रॉबिन विलियम्स ने लीड रोल निभाया था।

**ये फिल्में हैं 'एमबीबीएस' का रीमेक :** अब आते हैं साउथ रीमेक पर, तो 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' का तेलुगु में 2004 में बना 'शंकर दादा 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' का रीमेक थी, जिसमें चिरंजीवी और सोनाली बेंद्रे थे। फिल्म सुपरहिट रही। उसी साल तमिल में बना 'वसूल राजा एमबीबीएस ', जिसमें कमल हासन लीड रोल में थे। ये भी हिट रही। 2007 में कन्नड़ में बनी 'उप्पी दादा एमबीबीएस, जिसमें उपेन्द्र थे, लेकिन फिल्म कुछ खास नहीं चली। 2017 में श्रीलंका में सिंहला भाषा में बनी 'डॉ. नवारियन', जिसमें रंजन रमणायके थे और ये फिल्म वहां भी हिट साबित हुई। इस तरह 'मुन्नाभाई एमबीबीएस ' का जहां-जहां रीमेक बना उनके लिए ये फिल्म किसी खजाना से कम नहीं रही।

## अवॉर्ड नाइट में सेलेब्स को उनके अलग-अलग कामों के लिए किया गया सम्मानित

# सामंथा-शिल्पा से लेकर सारा तेंदुलकर तक, इवेंट में लगा सेलेब्स का जमावड़ा

*मुंबई। बीते सोमवार को एक अवॉर्ड समारोह का आयोजन किया गया। इस अवॉर्ड नाइट में बॉलीवुड की कई हस्तियां मौजूद रहीं। जिनमें शिल्पा शेट्टी, भूमि पेडनेकर, सामंथा रुथ प्रभु, अदिति राव अलाया एफ, टाइगर श्रॉफ, जायद खान और सारा तेंदुलकर भी मौजूद रहीं। इस अवॉर्ड नाइट में सेलेब्स को उनके अलग-अलग कामों के लिए सम्मानित किया गया। अब इस अवॉर्ड नाइट से सेलेब्रिटीज के लुक्स काफी वायरल हो रहे हैं।*

### ब्लैक एंड व्हाइट ड्रेस में खूबसूरत लगीं शिल्पा



इस कार्यक्रम में शिल्पा शेट्टी ब्लैक एंड व्हाइ कलर की फैशनेबल ड्रेस में नडर आईं। शिल्पा ने अपने इंस्टाग्राम पर भी इस इवेंट से अपने लुक की कई तस्वीरें और वीडियो शेयर किए।

### फॉर्म-फिटिंग डार्क ब्राउन ड्रेस में पहुंचीं सामंथा



साउथ से बॉलीवुड का सफर तय करने वाली एक्ट्रेस-प्रोड्यूसर सामंथा रुथ प्रभु भी इस अवॉर्ड नाइट में खूबसूरत लगीं। सामंथा ने एक स्लीक, फॉर्म-फिटिंग डार्क ब्राउन ड्रेस पहनी। जिसमें स्टाइलिश साइड कट-आउट हैं, जिसमें लेस-अप डिजाइन है जो बाजुओं के नीचे से हेम तक जाता है। उनके आउटफिट को ब्लैक और गोल्ड पॉइंटेड-टो हील्स के साथ पेयर किया गया है। उनके बालों में ढीले, चमकदार लहरें हैं। सामंथा ने कैमरे के सामने काफी पोज भी दिए।

### सारा तेंदुलकर भी आईं अवॉर्ड नाइट में नजर



इस अवॉर्ड नाइट में भारत के दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर भी पहुंची। ऑफ शोल्डर ब्लैक ड्रेस में सारा बेहद खूबसूरत नजर आईं। इस दौरान उन्होंने अपने बालों में एक बन बनाया हुआ था।

### स्टाइलिश ड्रेस में भूमि ने बिखेरा हॉटनेस का जलवा



हाल ही में वेब सीरीज 'द रॉयल्स' में अपनी हॉट अदाएं दिखाने वाली अभिनेत्री भूमि पेडनेकर भी इस कार्यक्रम में शिरकत पहुंचीं। भूमि पेडनेकर ने बकाइन और क्रीम धारियों वाला एक फ्लोर-लेंथ गाउन में अवॉर्ड समारोह के रेड कार्पेट पर उतरीं। एक स्टाइलिश ओवरसाइज्ड ऑफ-व्हाइट केप-स्टाइल ड्रेप वाली ड्रेस में भूमि काफी खूबसूरत नजर आईं।

### खूबसूरत नजर आईं अदिति राव हैदरी

अवॉर्ड नाइट में एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी एक ऑफ शोल्डर स्टाइलिश ड्रेस में पहुंचीं। चमकदार ब्लैक एंड गोल्डेन कलर की लॉन्ग स्कर्ट में अदिति बेहद खूबसूरत लगीं। उन्होंने एक स्लीक बन और बोल्ड इयररिंग्स के साथ अपने लुक को कंपलीट किया।

### अलाया एफ का हॉट लुक

अभिनेत्री अलाया एफ भी इस कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचीं। अलाया एक स्टाइलिश ड्रेस में बेहद हॉट नजर आईं। अलाया सिल्वर कलर के स्टाइलिश टॉप और ब्लैक कलर की स्टाइलिश लॉन्ग कट वाली स्कर्ट में रेड कार्पेट पर उतरीं।

## खबर संक्षेप

### डीसीआरयूएसटी के 9 विद्यार्थियों का चयन

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल के 9 विद्यार्थियों का एडू-वर्सिटी कंपनी में चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों को 8 लाख का सीटीसी मिलेगा व इंटर्नशिप के दौरान 25 हजार स्टाइपेंड के तौर पर मिलेंगे। कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते उज्जवल भविष्य की कामना की है। कुलपति प्रो. सिंह ने कहा कि एडू -वर्सिटी कंपनी विवि में बिजनेस डेवलपमेंट स्पेशलिस्ट की पोस्ट के लिए कैंपस प्लेसमेंट के लिए आई थी। कड़ी चयन प्रक्रिया के बाद सीएसई के अजय, मंजीत, ईई की मुस्कान, ईसीई के योगेश, राम कुमार, बीएमई की सृष्टि त्यागी, सिविल इंजीनियरिंग के हिमांशु दो वर्षीय एमबीए के शुभम व एमबीए की छात्रा वंशिका का चयन हुआ है।

### बुनियाद केंद्र पर छात्रों के लिए कक्षाओं का शुभारंभ

**गन्नौर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गन्नौर में बुनियाद केंद्र पर 9वीं के छात्रों के लिए कक्षाओं का शुभारंभ हुआ। प्राचार्य विनोद ने छात्रों को बुनियादी कार्यक्रम की विशेषताओं के बारे बताया। उन्होंने बताया कि बुनायादी कार्यक्रम शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के अवसरों को बढ़ाने का मौका देता है। उन्होंने विद्यार्थियों को सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कार्डिनेटर रितिक, रणबीर, खुशी, रुद्र वंश, रिहाना आदि छात्र उपस्थित रहे।

### नकदी व आभूषण चोरी का आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** बरोदा थाना की पुलिस ने युवक को नशीला पदार्थ पिलाकर उसकी मोबाइल, नकदी व चांदी की चेन चोरी करने की घटना में संलिप्त आरोपित गांव गामड़ी के अमरजीत व गांव बरोदा के मोहित को गिरफ्तार किया। आरोपितों से घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की। न्यायालय के आदेश पर उनको न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

पानीपत में गांव मतलौडा के रोहित ने 24 अप्रैल पुलिस को शिकायत दी थी कि वह रोहतक रोड पर गया था। वहां से विक्की व उसके चाचा का लडक़ा उसे बाइक पर बैठाकर महम रोड स्थित मदीना प्याऊ के पास ले गए और उसे स्मैक पिलाई। ज्यादा नशा होने पर उसकी चांदी की चेन, छह हजार रुपये और मोबाइल चोरी कर लिया। सहायक उप निरीक्षक विनोद ने पुलिस टीम के साथ आरोपित अमरजीत व मोहित को गिरफ्तार किया।

### पुलिस हिरासत से भागने का प्रयास, मौके पर पकड़ा

**सोनीपत।** शहर थाना क्षेत्र में स्थित जिला अदालत में पेशी के बाद एक बंदी ने पुलिस कर्मचारी को धक्का देकर भागने का प्रयास किया। पुलिस बल ने आरोपित को मौके पर ही काबू कर लिया। मामले को लेकर संबंधित थाना पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार कुंडली थाने में दर्ज एक पॉक्सो एक्ट के मामले में गिरफ्तार आरोपित उत्तर प्रदेश के जिला अमरोहा के गजरौला के रहने वाले बंदी प्रमोद को पुलिस कर्मचारी मोनू, वीरेंद्र, एसपीओ कृष्णपाल अदालत में पेश करने के लिए लेकर गए थे।

### महिला-पुरुषों के लिए दो आइसोलेशन कक्ष तैयार

**गोहाना।** कोरोना के नए केस मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। मंगलवार को जिले के कोरोना नियंत्रण के नोंडल अधिकारी ने सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रमुखों के साथ वर्चुअल बैठक की और जरूरी तैयारी करने के दिशानिर्देश दिए। बैठक के तुरंत बाद गोहाना में कोरोना से बचाव व उपचार के लिए महिला व पुरुषों के लिए दो आइसोलेशन कक्ष तैयार किए गए। दोनों में तीन-तीन बेड के साथ आक्सीजन की व्यवस्था की गई। दवाओं के स्टाक की समीक्षा भी की इससे पहले भगत फूल सिंह महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल में वार्ड आरक्षित किया जा चुका है।

## अस्पताल में आने वाले मरीजों को मिलेगा फायदा

# नागरिक अस्पताल में पहुंची सी-आर्म मशीन, हड्डी विभाग करेगा संचालित

### नागरिक अस्पताल में हर रोज हड्डी विभाग में 400 से अधिक आ रही ओपीडी

### चिकित्सक माइनर से लेकर बड़ा ऑपरेशन कर सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला नागरिक अस्पताल में बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए प्रबंधन की तरफ प्रयास किए जा रहे है। अस्पताल में हड्डी रोग विभाग व हड्डी से संबंधित ऑपरेशन करने के लिए बेहतर आधुनिक मशीन पहुंची है। अस्पताल में आई सी-आर्म मशीन को जल्द संचालित करने का कार्य किया जायेगा। अस्पताल में पहले से मौजूद मशीन काफी पुरानी हो चुकी है। प्रबंधन की तरफ से इस संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया गया। जिसके बाद अस्पताल में मशीन पहुंची है। अब यह मशीन अत्याधुनिक है। अब इसकी मदद से चिकित्सक आसानी से ऑपरेशन कर सकेंगे। बता दें कि नागरिक अस्पताल में हर रोज हड्डी विभाग में करीब 400 से ज्यादा ओपीडी संख्या होती है। जिसमें से काफी मरीजों की हड्डी टूटी हुई होती है। अस्पताल में विभाग की तरफ से सी-आर्म मशीन भेजी गई है। मशीन की मदद से चिकित्सक आसानी से टूटी हड्डी को जोड़ सकेगा। सी-आर्म मशीन हड्डी से जुड़े ऑपरेशन के काम में आती है। मशीन के जरिये डॉक्टर ऑपरेशन के दौरान हड्डी या अंदर की जगह को स्क्रीन पर देख पाते हैं। इसके जरिये माइनर से लेकर बड़ा ऑपरेशन किया जा सकता है। इसके अलावा रॉड डालने और जोड़ों के पास टूटी हड्डी को जोड़ने के काम आती है। इससे यह पता चल जाता है कि कौन सा स्क्रू, रॉड कहां डालना है। इस मशीन के बिना ऑपरेशन करना असंभव होता है। अत्याधुनिक मशीन आने के बाद मरीजों को इसका फायदा मिल सकेगा। कैसे काम करती है मशीनः सी-आर्म एक छोटी एक्स-रे मशीन की तरह काम करती है। इस मशीन के सहयोग से चिकित्सक ऑपरेशन करते समय अंगों के थ्री-डी चित्र देख सकते हैं। जिला अस्पताल के ऑपरेशन थियेटर में पहले काम चल रहा था । अब ओटी को भी अपडेट किया जा रहा है ताकि मरीजों के ऑपरेशन आसानी से हो सके। मशीन से चिकित्सक ऑपरेशन के दौरान हड्डी या अंदर की जगह को स्क्रीन पर देख पाते हैं। इसके जरिये माइनर से लेकर बड़ा ऑपरेशन किया जा सकता है। यह आर्थोपेडिक प्रक्रियाओं में सहायक है।



**सोनीपत।** अस्पताल में पहुंची मशीन। *फोटो :हरिभूमि*

### जल्द से जल्द मशीन को चालू किया जाएगा



मरीजों की सुविधा के लिए प्रबंधन की तरफ से हर संभव कदम उठाने का कार्य किया जा रहा है। विभाग को भेजी डिमांड को समय रहते पूरा किया गया है। मशीन के स्थापित होने के बाद लोगों को सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। जल्द से जल्द मशीन को चालू किया जायेगा। अस्पताल में मौजूद मशीन काफी पूरानी हो चुकी थी। अस्पताल में आई अत्याधुनिक मशीन के सहयोग से चिकित्सक ऑपरेशन करते समय अंगों के थ्री-डी चित्र देख सकते है। जिसका लाभ मरीजों को मिल सकेगा।

*डा. ज्योत्सना, जिला स्वास्थ्य अधिकारी।*

# पूर्ण मूर्ति ग्लोबल स्कूल ने छह पदक जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


**सोनीपत।** पूर्ण मूर्ति ग्लोबल स्कूल के पदक विजेता ताइक्वांडो खिलाड़ी स्कूल की प्रधानाचार्या हिमानी दहिया व उप प्रधानाचार्य वरुण के साथ।

पूर्ण मूर्ति ग्लोबल स्कूल, कामी रोड के खिलाड़ियों ने पहली धर्मप्रकाश मेमोरियल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते 6 पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया । प्रताप स्पोर्ट्स स्कूल खरखौदा में 24- 25 मई को आयोजित इस प्रतियोगिता में लड़कों के वर्ग में सातवीं कक्षा के छात्र निखिल ने 32 किलो व नैतिक ने 48 किलो भार वर्ग में रजत पदक हासिल किया, जबकि पांचवीं कक्षा के छात्र तक्षित ने 28 किलो में कांस्य पदक हासिल किया। लड़कियों के वर्ग में पांचवीं की छात्रा भूमि ने 18 किलो, स्मृति ने 28 किलो व जानवी ने 30 किलो भार वर्ग में बेहतर प्रदर्शन करते कांस्य पदक हासिल किया । स्कूल पहुंचने पर इन सभी खिलाड़ियों का फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। पूर्ण मूर्ति कैंपस के चेयरमैन डॉ.विजयपाल नैन, सचिव गौतम नैन, स्कूल की प्रधानाचार्या हिमानी दहिया, उप प्रधानाचार्य वरुण व अन्य स्टाफ सदस्यों ने इन खिलाड़ियों की सफलता पर बधाई देते उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर पूर्ण मूर्ति कैंपस के कोषाध्यक्ष भोपाल सिंह, प्रबंधक निदेशक कपिल भाटिया, एमडी इंजी. संघदीप शाक्य, डायरेक्टर एकेडेमिक्स डा. स्वीटी, डायरेक्टर ट्रेनिंग नवदीप मेहता, कैंपस डायरेक्टर कुलदीप, रजिस्ट्रार कंवलजीत सिंह संधू मौजूद रहे।


अमित दहिया, डिप्टी डायरेक्टर खेल विभाग का कुलपति अशोक कुमार पुष्प गुच्छ देते हुए।

### खिलाड़ी अभ्यास पर फोकस कर आगे बढ़ने का रखें लक्ष्य

**राई।** खेल विश्वविद्यालय, राई में आयोजित समर कैंप का मुख्य अतिथि अमित दहिया, डिप्टी डायरेक्टर (खेल विभाग, हरियाणा सरकार), खेल रत्न अवार्डी ने कुलपति अशोक कुमार के सहयोग से उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि अमित दहिया, ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, खेल और पढ़ाई को साथ लेकर चलना आवश्यक है। कैंप में अनुशासन बनाए रखें और अधिक से अधिक सीखने का प्रयास करें। खेलने की जिद्द और अनुशासन ही आपको हर क्षेत्र में सफलता दिलाएगा।ग उन्होंने अभ्यास को अत्यंत आवश्यक बताया और कहा कि कैंप की सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाएं। कुलपति अशोक कुमार ने कहा कि यह समर कैंप ग्राउंड लेवल से स्कूल के बच्चों को खेलों के प्रति तैयार करेगा। इस कैंप में प्रशिक्षण वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित होगा, जिसमें खिलाड़ियों को न केवल शारीरिक प्रशिक्षण दिया जाएगा, बल्कि मानसिक तैयारी और खेल विज्ञान के विभिन्न विषयों की जानकारी भी दी जाएगी।

### घर में घुसकर मारपीट धमकी देने का आरोप

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के गांव हुल्लेड़ी में बाइक की टक्कर को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के लोगों के घर में घुसकर हमला कर घायल करने के आरोप का मामला सामने आया है। आरोप है कि पीड़ित पक्ष पर लाठी-डंडों और दरांती से वार किए गए। हमले में घायल व्यक्ति को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के बयान पर विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव हुल्लेड़ी निवासी गुलाब सिंह ने बताया कि वह गांव के रहने वाले तकदीर के लड़के ने उनके बेटे को बाइक की टक्कर मार दी। उनके लड़के के साथ गाली-गलौज भी की। गुलाब का कहना है कि वह टक्कर मारने और गाली-गलौज करने का उलाहना देने गए थे। जब वह अपने घर वापस आ गए, तो तकदीर, तकदीर की पत्नी, उनके दोनों लड़के विक्की और अजय, तकदीर का बड़ा भाई बिजेंद्र, शीला पत्नी बिजेंद्र का लड़का प्रदीप और मजीता पत्नी शांत कुमार, इन सभी ने मिलकर उनके घर में घुसकर हमला कर दिया।

### हर जरूरतमंद को मिल रहा योजनाओं का लाभ

**गोहाना।** बरोदा हलका से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रदीप सांगवान ने मंगलवार को गोहाना स्थित अपने कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान कई गांवों के ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीति सब का साथ सब का विकास है। भाजपा सरकार में पंक्ति के अंत में खड़े व्यक्ति को सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। गांव छपरा के सरपंच अशोक शर्मा और ग्रामीण जयकिशन शर्मा ने बताया कि पड़ौसी गांव रिंढाणा के खेतों से गांव छपरा तक किसानों द्वारा ट्यूबवेल की पाइपलाइन दबा रखी है। अज्ञात लोगों द्वारा पाइप लाइन को काट दिया गया। ग्रामीणों ने काटी गई पाइप लाइन को जोड़वाने की मांग की ताकि खेतों में सिंचाई संबंधी परेशानी न आए। गांव रभड़ा निवासी हरज्ञान ने पेयजल की समस्या से अवगत करवाया है।


**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाएं। *फोटो :हरिभूमि*


**गोहाना।** लोगों की समस्याएं सुनते पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान।

### प्रतिदिन उत्तम कार्य करें: अखिलेश्वर

**सोनीपत।** वैदिक यज्ञ समिति द्वारा प्रत्येक मास के चतुर्थ रविवार को शहर के विभिन्न हिस्सों में वेदाद्यास्ति कराया जाता है। मई मास का यज्ञ सतपाल ग्रोवर परिवार की ओर से गीता कॉलोनी नेहरू पार्क के समीप सुंदर कांड समिति के प्रांगण में आयोजित किया गया। मंच संचालक सुधांशु मित्र शास्त्री द्वारा यज्ञ संपन्न कराया गया। यज्ञ में मुख्य वक्ता आचार्य अखिलेश्वर द्वारा यजुर्वेद के बारहवें अध्याय के 28वें मंत्र की व्याख्या द्वारा समझाया गया कि विद्वानों तथा आचार्यों की संगति का आश्रय लेकर पूर्ण पुरुषार्थ द्वारा प्रतिदिन हमें उत्तम कार्यों को करते हुए धन अर्जित करना चाहिए। वसु अर्थात प्रकृति जो हमें इस संसार में रहते हुए अपने उपकारों द्वारा बढ़ानी है। व्याख्यान के उपरांत आचार्य दीक्षा द्वारा संध्या करवाई गई।

### अहिल्याबाई के जीवन संघर्ष पर की चर्चा

**खरखौदा।** ब्रह्मशक्ति स्कूल थाना कलां में अहिल्याबाई होलकर के जीवन, व्यक्तित्व व उनके जीवन संघर्ष पर विस्तार से चर्चा की गई। सामाजिक समरसता प्रमुख यज्ञदत्त शास्त्री ने एनएसएस के सभी विद्यार्थियों व उपस्थित स्टाफ सदस्यों को महारानी अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर विस्तार से व्याख्यान दिया तथा विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे। सभी विद्यार्थियों ने अहिल्याबाई होलकर की जन कल्याणकारी नीतियों, उनके दूरदर्शिता से परिपूर्ण श्रेष्ठ कार्यों एवं उनकी न्याय प्रियता के विषय में ध्यान से सुना और अपने ज्ञान में वृद्धि की। प्राचार्य रामबीर सिंह ने यज्ञदत्त शास्त्री व उनके सहयोगी आरम्भ कुमार को विद्यालय में पधारने पर अंग वस्त्र व पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया।


यज्ञदत्त शास्त्री को पुस्तक भेंट करते प्राचार्य रामबीर सिंह।



विद्यार्थियों को टैबलेट भेंट करते क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

### जरूरतमंद छात्रों को ई-टैबलेट भेंट किए

**सोनीपत।** मेहलाना रोड स्थित शिव शक्ति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रोटरी क्लब सोनीपत अरडेंट द्वारा जरूरतमंद विद्यार्थियों को ई-टैबलेट भेंट किए गए। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष राजेश कटारिया ने कहा कि आज के डिजिटल युग में शिक्षा का डिजिटल माध्यम से प्राप्त होना अत्यंत आवश्यक है। ई-टैबलेट से विद्यार्थियों को ऑनलाइन पढ़ाई में सुविधा मिलेगी और वे तकनीकी रूप से अधिक सशक्त बन सकेंगे। कार्यक्रम में क्लब के पूर्व अध्यक्ष आशु नागपाल, सुनील मंचंढा, सुधीर खुराना, मनोज कथूरिया विशेष रूप से उपस्थित रहे।


ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल के पदक विजेता खिलाड़ी स्कूल की प्राचार्या गीता चोपड़ा के साथ।

### पदक विजेताओं को किया सम्मानित

**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) के खिलाड़ियों ने जिला स्तरीय स्केटिंग चैंपियनशिप व पहली धर्मप्रकाश मेमोरियल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। जिला स्तरीय स्केटिंग चैंपियनशिप में नौवीं कक्षा के छात्र वंश मलिक ने स्वर्ण व सातवीं कक्षा के छात्र विनीत ने कांस्य पदक हासिल किया । वहीं प्रताप स्पोर्ट्स स्कूल खरखौदा में आयोजित ताइक्वांडो चैंपियनशिप में स्कूल के खिलाड़ियों ने 5 पदक जीतकर अपना जलवा दिखाया । स्कूल में वापस लौटने पर पदक विजेताओं का जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन, प्राचार्या गीता चोपड़ा व उप प्राचार्या रूना दास ने पदक विजेताओं को बधाई देते उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाएं : श्योराण

- समारोह में डीपी सत्यवान और जयपाल लाठर को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

डिप्टी डीईओ अनिल श्योराण ने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। वे मंगलवार को गोहाना के आदर्श नगर स्थित हंस ध्वनि सभागार में योग शिविर का निरीक्षण करने पहुंचे थे। समारोह में उन्होंने डीपी सत्यवान कुंडू और जयपाल लाठर को स्मृति चिह्न भेंट करके सम्मानित किया। इनको यह सम्मान खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विशेष सहयोग के लिए मिला।

हंस ध्वनि सभागार में डीपी व पीटीआई के लिए तीन दिवसीय योगा शिविर चल रहा है। मंगलवार को शिविर के दूसरे दिन डिप्टी डीईओ अनिल श्योराण ने शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन ही सफलता का आधार है। योग के माध्यम से हम स्वस्थ जीवन यापन कर सकते हैं। ऐसे में हमें नियमित रूप से योग करना चाहिए। निरीक्षण में आदर्श नगर में सत्यानंद पब्लिक स्कूल की प्राचार्या सीमा श्योराण भी उनके साथ रहीं। शिविर में नोडल प्राचार्य लाल किशोर, सतीश, रविता, सुनीता, जयपाल लाठर, सीमा पूनिया, सतीश मालिक, अनिल कुमार व वरुण सांगवान मौजूद रहे।


**गोहाना।** शिविर में प्रतिभागियों के साथ डिप्टी डीईओ अनिल श्योराण।


**खरखौदा।** नितेश को आशीर्वाद देते द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया।

### चैंपियनशिप के लिए नितेश मंगोलिया रवाना

**खरखौदा।** प्रताप स्कूल का होनहार पहलवान नितेश अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक बार फिर देश का प्रतिनिधित्व करने जा रहा है। वह 29 मई से 2 जून तक मंगोलिया में आयोजित होने वाली सीनियर वर्ल्ड रैंकिंग सीरीज़ रेसलिंग चैंपियनशिप में 97 किलोग्राम भारवर्ग में भाग लेगा। नितेश को स्कूल प्रांगण से रवाना किया गया। इस मौके पर द्रोणाचार्य अवार्डी कोच ओमप्रकाश दहिया, प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया तथा विद्यालय स्टाफ ने उसे शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद देकर विदा किया। ओमप्रकाश दहिया ने बताया कि नितेश अब तक 5 अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में पदक जीतकर देश का नाम रोशन कर चुका है। 12 बार राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत चुका है। एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया ने नितेश ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

## मुख्यमंत्री ने वीसी से दिए उपायुक्तों को निर्देश

# पंद्रह तक सभी ड्रेनों की सफाई करें सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए 15 जून तक जिला की सभी ड्रेनों की सफाई का कार्य पूरा किया जाए, ताकि किसी भी क्षेत्र में जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि ड्रेनों की सफाई के कार्य में लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और वह स्वयं भी सफाई कार्यों का औचक निरीक्षण करेंगे। यदि किसी प्रकार की खामियां पाई गईं तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बाढ़ नियंत्रण कार्यों की समीक्षा को लेकर सभी जिला उपायुक्तों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसी क्रम में वीसी के उपरांत उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर निर्देश दिए कि ड्रेनों की सफाई से संबंधित सभी कार्यों की तत्परता से जांच की जाए और कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बताया कि इस कार्य की निगरानी हेतु संबंधित एसडीएम की भी ड्यूटी लगाई जा रही है। उन्होंने विशेष रूप से कुंडली क्षेत्र में बरसात के दौरान उत्पन्न जलभराव की समस्या को स्थायी रूप से हल करने के लिए अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की और कहा कि ऐसे समाधान किए जाएं जिससे स्थानीय निवासियों को राहत मिल सके।



**सोनीपत।** अधिकारियों के साथ बैठक करते उपायुक्त। *फोटो :हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

उपायुक्त ने सिंचाई विभाग को निर्देश दिए कि जिले में मौजूद सभी ड्रेनों की विस्तृत सूची उपायुक्त कार्यालय में उपलब्ध करवाई जाए, जिसमें ड्रेन की कुल लंबाई, जल प्रवाह (आउट फ्लो), प्रारंभिक एवं अंतिम बिंदु आदि की सटीक जानकारी सम्मिलित हो। इसके अतिरिक्त, बैठक में यमुना नदी पर बनी ठोकरों की मरम्मत कार्य की प्रगति की जानकारी भी ली गई। इस अवसर पर एसीयूटी योगेश दिल्हौर, सिंचाई विभाग के दिल्ली डिवीजन से एसई तरुण अग्रवाल, सोनीपत डिवीजन से एसई आरके बड़वाल, एक्सईएन मंजीत हुड्डा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।


**सोनीपत।** साउथ पॉइंट स्कूल में मुख्य कार्यकारी अधिकारी भावना कालरा व अन्य के साथ पदक दिखाता शिवम। *फोटो :हरिभूमि*

### शिवम ने ताइक्वांडो में जीता गोल्ड

**सोनीपत।** साउथ पॉइंट स्कूल के खिलाड़ी शिवम ने यूथ कप इंटर क्लब ताइक्वांडो चैंपियनशिप-2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता। यह प्रतियोगिता 25 मई को फरीदाबाद के सेक्टर-12 स्थित स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में आयोजित की गई थी। जिसमें शिवम ने अपनी शानदार खेल प्रतिभा से सबको चकित करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। पदक विजेता पदक जीतकर लौटे विजेता खिलाड़ी का स्कूल पहुंचने पर स्वागत किया गया। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि फरीदाबाद में आयोजित यूथ कप इंटर क्लब ताइक्वांडो चैंपियनशिप में विभिन्न स्थानों से 150 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभागिता की थी। साउथ पॉइंट स्कूल से 11वीं कक्षा के विज्ञान संकाय के छात्र शिवम ने अंडर-19 आयु वर्ग के 57 किलोग्राम भार वर्ग में भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा से प्रथम स्थान हासिल कर गोल्ड मेडल जीता। चेयरमैन ने विजेता खिलाड़ी को जीत की बधाई दी।

**खबर संक्षेप**

## बस स्टैंड परिसर से साइकिल चोरी, केस

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के बस स्टैंड परिसर से साइकिल के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। न्यू कोर्ट रोड अशोक विहार निवासी बलवंत सिंह ने बताया कि उसने मामा-भांजा चौक सोनीपत से एक साइकिल खरीदी थी। वह उसे लेकर बस स्टैंड सोनीपत में आया हुआ था। किसी ने उसकी साइकिल को चोरी कर लिया। अपने स्तर पर साइकिल की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। थाना प्रभारी सतबीर सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोर का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## अवैध हथियार के मामले दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**गन्नौर।** गन्नौर की क्राइम यूनिट पुलिस टीम ने अवैध हथियार मामले में संलिप्त दूसरे आरोपित रिंकू निवासी मंडोरी, हाल राजीव कालोनी, सोनीपत को गिरफ्तार किया है। इससे पहले 11 मई को जीटी रोड पर शीशमहल होटल के पास से सर्विस रोड पर एक युवक श्वेत अवैध हथियार सहित पकड़ा गया था। उसके पास से एक देसी पिस्तौल व एक गोली बरामद हुई थी। श्वेत के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ में खुलासा हुआ कि उसे हथियार रिंकू ने उपलब्ध कराया था। इसी आधार पर पुलिस ने रिंकू को भी काबू कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। रिंकू पर पहले भी थाना राई, बड़ी, समालखा व सदर सोनीपत में अवैध शस्त्र, जानलेवा हमला व घर में घुसकर हमला करने जैसे पांच केस दर्ज हैं।

# रेलवे स्टेशन का वर्टिकल गार्डन उपेक्षा का शिकार, मुरझाया सौंदर्य

### शुरूआती दौर में यह गार्डन यात्रियों और आगंतुकों के लिए बना था आकर्षण का केंद्र

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**



सोनीपत। रेलवे स्टेशन के सामने वर्टिकल गार्डन का बोर्ड, जहां पहले वर्टिकल गार्डन होता था। फोटो : हरिभूमि

पर्यावरण संरक्षण और हरियाली की ओर कदम बढ़ाते हुए जब सोनीपत रेलवे स्टेशन पर वार्टिकल गार्डन की नींव रखी गई थी, तब उम्मीद थी की यह न केवल रेलवे स्टेशन की सुंदरता में चार चांद लगाएगा, बल्कि यात्रियों को भी हरियाली का सुखद अनुभव देगा। हालांकि समय के साथ देखरेख की कमी और प्रशासनिक उपेक्षा ने इस पहल की खुबसूरती को मुरझा दिया है। एक समय जो गार्डन आर्कषण का केन्द्र होता था, वह आज खूद उपेक्षित हालत में जी रहा है। पर्यावरण की रक्षा और हरियाली को बढ़ावा देने के लिए रेलवे द्वारा बनाए गए वर्टिकल गार्डन की स्थिति अब बदहाल हो चुकी है। वर्ष 2022 में रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण और यात्रियों को हरियाली का अनुभव देने के उद्देश्य से इस गार्डन का निर्माण किया गया था, लेकिन अब यह अनदेखी की भेंट चढ़ चुका है।

स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार के पास सर्कुलेटिंग एरिया में ऊँचाई पर लगाए गए इस वर्टिकल गार्डन को छोटे गमलों और सुंदर पौधों से सजाया गया था। इसकी लागत लगभग 80 हजार रुपये आई थी और इसे एक माह में तैयार किया गया था। गार्डन की देखरेख की जिम्मेदारी स्थानीय अधिकारियों को सौंपी गई थी। शुरुआती महीनों में यह गार्डन यात्रियों और आगंतुकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। विशेष रूप से रात्रि में लाइटिंग की व्यवस्था से यह और भी सुंदर नजर आता था। लेकिन अब गमलों में लगे पौधे सूख चुके हैं, साफ-सफाई की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है, जिससे इसकी सुंदरता धीरे-धीरे समाप्त हो रही है।

### सेल्फी प्वाइंट की लाइटें टूटी, आकर्षण कम हुआ

वर्टिकल गार्डन के साथ 'आई लव सोनीपत' नाम से एक सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया था, जहां लोग तस्वीरें खिंचवाकर यादें संजोते थे। लेकिन अब उस स्थान की लाइटें टूटने लगी हैं और कई हिस्से गायब हो चुके हैं। रख-रखाव के अभाव के कारण यह स्थान भी अब पहले जैसी चमक खोता जा रहा है। वर्टिकल गार्डन के पास स्थापित 'आई लव सोनीपत' नामक सेल्फी प्वाइंट, जो कभी लोगों के बीच फोटो क्लिक करने की पसंदीदा जगह हुआ करता था, अब अपनी चमक खो चुका है। लाइटें टूट चुकी हैं, कई हिस्से क्षतिग्रस्त हैं। 2023 में स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार के सामने भी एक सुंदर बगीचा तैयार करवाया गया था, जिसमें विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए थे। ग्रिल से सुरक्षा व्यवस्था भी की गई थी। लेकिन अब वहां भी पौधे सूखने लगे हैं, जिससे सौंदर्य में गिरावट आई है। वर्तमान स्थिति यह है कि गार्डन में लगे अधिकांश पौधे सूख चुके हैं। नियमित देखरेख और सफाई के अभाव में इसकी सुंदरता दिन-ब-दिन मुरझाती जा रही है। यात्रियों को अब यह स्थान सौंदर्य की बजाय उपेक्षा का प्रतीक नजर आता है।

> **प्रवेश द्वार पर भवन निर्माण पूरा होने का अभी इतंजार**
>
> सोनीपत स्टेशन के सौंदर्यीकरण को बढ़ावा देने के लिए सर्कुलेटिंग एरिया को बढ़ाने के बाद वार्टिकल गार्डन का पुन: निर्माण करवाने का निर्णय लिया गया है। फिलहाल इस कार्य को करवाने के लिए प्रवेश द्वार पर भवन निर्माण के पूरा होने का इतंजार है। इसके बाद सर्कुलेटिंग एरिया बढ़ाकर वर्टिकल गार्डन तैयार कराकर गमले व पौधे लगाए जाएंगे
>
> **-नरेश कमार**, सीनियर सेक्शन इंजीनियर, उत्तर रेलव



गन्नौर। बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल के छात्र शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

# बाल भवन स्कूल के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर**

■ कक्षा चौथी से लेकर दसवीं तक के विद्यार्थियों द्वारा याकुल्ट हेल्थी ड्रिंक कंपनी का शैक्षिक भ्रमण किया

बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल गन्नौर के कक्षा चौथी से लेकर दसवीं तक के विद्यार्थियों द्वारा याकुल्ट हेल्थी ड्रिंक कंपनी का शैक्षिक भ्रमण किया। कंपनी में पहुंचते ही बच्चों का स्वागत किया गया और उन्हें विशेष सुरक्षा निर्देश दिए गए।

इसके बाद उन्हें उत्पादन यूनिट में ले जाया गया, जहां उन्होंने देखा कि हेल्दी ड्रिंक्स कैसे तैयार की जाती है और किन चीजों का प्रयोग किया जाता है। अंत में, बच्चों को हेल्दी ड्रिंक के नमूने चखने को भी दिए गए और उनसे संबंधित प्रश्नों का उत्तर भी कंपनी के कर्मचारियों ने सरल भाषा में दिया। भ्रमण ने बच्चों में स्वच्छता, पोषण और विज्ञान के प्रति रुचि को और अधिक बढ़ाया। बच्चों ने मशीनों की कार्यप्रणाली, पैकेजिंग की प्रक्रिया और लेबेलिंग जैसी बातों को भी बहुत ध्यान से देखा। बच्चों को हेल्दी ड्रिंक के नमूने चखने को भी दिए गए और उनसे संबंधित प्रश्नों का उत्तर भी कंपनी के कर्मचारियों ने सरल भाषा में दिया। भ्रमण ने बच्चों में स्वच्छता, पोषण और विज्ञान के प्रति रुचि को और अधिक बढ़ाया।

## पार्क के सामने से बाइक चोरी, मामला दर्ज

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र में पार्क के सामने खड़े दोपहिया वाहन के चोरी होने का मामला सामने आया है। युवक बाइक खड़ी करके खाना खाने चला गया। कुछ देर बाद वापस लौटा तो बाइक गायब मिली। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

गांव बढमलिक निवासी मुरारी गिरी ने बताया कि वह गत 15 मई को करीब एक बजे अपनी बाइक को लेकर देवीलाल पार्क गया था। बाइक को पार्क के सामने खड़ी करके खाना-खाने के लिए चला गया। कुछ देर बाद वापस पार्क के बाहर आया तो बाइक गायब मिली।

## दुकान से सामान और नकदी चोरी, केस दर्ज

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र के प्याऊ मनियारी में स्थित दुकान का शटर तोड़कर हजारों रुपये की राशि व सामान सहित मोबाइल फोन चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मल्हा माजरा हाल में गली नंबर-6 प्याऊ मनियारी निवासी प्रेम ने बताया कि वह रात को अपनी दुकान पर मौजूद था। रात करीब एक बजे उसकी दूसरी दुकान का शटर तोड़कर पचीस हजार रुपये की राशि, चालीस सिगरेट के पैकेट, एक मोबाइल फोन को कोई रात के अंधेरे का फायदा उठाकर चोरी करके ले गया। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया।

## चोरी के पांच वाहन सहित आरोपी गिरफ्तार अदालत ने न्यायिक हिरासत में जेल भेजा

**सोनीपत।** जिले की क्राइम यूनिट सोनीपत पुलिस ने वाहन चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सचिन निवासी कबीरपुर सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पेपर मिल प्याऊ निवासी सागर ने पांच मई को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसने अपने दोपहिया वाहन को घर के सामने खड़ा किया था। अगले दिन सुबह घर के सामने से बाइक गायब मिली। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में उप निरीक्षक राजेश की टीम ने आरोपित प्रमोद उर्फ मोगली निवासी बड़ौत को पहले काबू कर लिया था। आरोपित को अदालत में पेश कर रिमांड पर लेकर उसकी निशानदेही व बताए अनुसार सचिन निवासी कबीरपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के बताए अनुसार चोरीशुदा चार मोटरसाइकिल व एक स्कूटी बरामद की है। आरोपित को अदालत में पेश किया।

# एनफोर्समेंट एसआई रिश्वत लेते गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**



■ खेत में मकान बनाने पर किसान से मांगे थे 40 हजार

एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने एनफोर्समेंट ब्यूरो के एएसआई को रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। मामले को को लेकर एसीबी की टीम जांच कर रही है। गांव बैयांपुर के एक किसान ने खेत की जमीन पर मकान बना रखा था। इस निर्माण को लेकर जिला योजना अधिकारी (डटपओ) ने किसान के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवा दिया था। मुकदमा निपटवाने के नाम पर एनफोर्समेंट ब्यूरो में तैनात एएसआई मुकेश ने पीड़ित से 40 हजार की रिश्वत की मांग की थी। पीड़ित ने इस संबंध में शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो को दी, जिसके बाद टीम ने आरोपित रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपित के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल एसीबी आरोपित के खिलाफ कारवाई में जुटी है।

# स्वामी दयानंद सीसे स्कूल के मेधावी छात्रों को किया पुरस्कृत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा**

■ विद्यार्थियों को स्कूली वर्दी उपहार स्वरूप देकर उनका मनोबल बढ़ाया गया

प्रत्येक कक्षा में प्रथम आने वाले स्वामी दयानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिसाना के सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों को स्कूली वर्दी उपहार स्वरूप देकर उनका मनोबल बढ़ाया गया। वर्णित कार्यक्रम जग उत्थान खेल शिक्षा समिति के तत्वावधान में आयोजित किया गया। भाजपा नेत्री एवं खरखौदा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष स्नेह दहिया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रहीं।

बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा शिक्षा के द्वारा ही हम एक सभ्य समाज का निर्माण कर सकते हैं। हमारी उन्नति का मार्ग शिक्षा ही है। शिक्षित बेटी ही समाज को दिशा देने का काम करती है। इसलिए हम सबको शिक्षित होकर देश की उन्नति में अपना योगदान देना चाहिए। मनजीत रोहट ने कहा कि परोपकार परम धर्म है। इसी भावना के साथ हमें समाज की भलाई के लिए कार्य करना चाहिए।

कार्यक्रम के उपरांत स्कूल के चेयरमैन एडवोकेट संदीप दहिया ने सभी अतिथियों का धन्यवाद व आधार प्रकट किया। इस मौके पर सोमवीर आर्य, सरपंच सुरेश सिसाना, प्रिंसिपल पिंकी, डायरेक्टर हुड्डा व स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



खरखौदा। विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए समिति पदाधिकारी।

## मटिंडू में गलियों के साइन बोर्डों पर शरारती तत्वों ने पोती कालिख, पुलिस ने मामला दर्ज किया



**खरखौदा।** मटिंडू गांव में गलियों की जानकारी देने के लिए लगाए गए साइन बोर्डों पर सोमवार की रात को शरारती तत्वों द्वारा कालिख पोत दी गई। सुबह जब ग्रामीणों को इस बात का पता चला तो उनकी तरफ से मामले की शिकायत पुलिस को दी गई। शिकायत पर शरारती तत्वों की तलाश कर उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। वहीं पुलिस की तरफ से गांव के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। मटिंडू गांव के क्रांतिकारी पर्वतारोही नीतिश दहिया फाउंडेशन के कोषाध्यक्ष मोहित का कहना है कि सुबह जब ग्रामीण उठे तो उन्होंने पाया कि गांव में जगह-जगह लगे बोर्डों पर कालिख पोती गई है। जिस पर उनकी तरफ से मामले की शिकायत पुलिस को देते हुए कार्रवाई की मांग की गई है। गौरतलब है कि मटिंडू में नीतिश दहिया ने अपने साथियों के साथ मिलकर गलियों का नामकरण महान क्रांतिकारियों के नाम पर रखते हुए गलियों के किनारों पर उनके नाम से साइन बोर्ड लगाए थे। कई वर्ष पहले नीतिश दहिया का निधन हो गया। इन दिनों उन साइन बोर्डों की मरम्मत कर उन्हें दोबारा लगाया जा रहा है। पुनः लगाए जा रहे साइन बोर्डों पर नीतिश दहिया की फोटो व फाउंडेशन का नाम भी लिखा गया है। रात के समय अज्ञात लोगों ने साइन बोर्ड पर फोटो व फाउंडेशन के नाम पर कालिख पोत दी।

# आंधी-तूफान में गिरे वन विभाग के पेड़ों को उठाकर ना ले जाएं : शर्मा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**



■ बाइक सवार सिर पर हेलमेट जरूर लगाकर चलें

वन कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रेस प्रवक्ता आनंद शर्मा एवं सोनीपत जिला के प्रधान भगत सिंह ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है, आए दिन आंधी, तूफान, बेमौसमी बारिश हो रही है। जिसमें जान माल की हानि हो रही है।

उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि बाइक सवार सिर पर हेलमेट जरूर लगाकर चलें, आंधी तूफान एवं बारिश के मौसम में बाइक एवं गाड़ी ना चलाएं, क्योंकि सड़कों के किनारे भारी पेड़ खड़े हैं जो आंधी तूफान में टूट कर गिर जाते हैं। जिससे दुर्घटना संभावित है, इसलिए आंधी तूफान आते ही जिस इलाके में पेड़ नहीं ,है वहां पर अपनी गाड़ी एवं बाइक रोक ले और तूफान थमने/रुकने का इंतजार करें। जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है और जान माल की हानि से भी बचा जा सकता है। बारिश में सिर्फ भीग सकते हैं, लेकिन दुर्घटना होने पर जिंदगी से हाथ धोना पड़ता है। इसलिए सुरक्षित रहने के लिए आंधी तूफान बारिश की, मौसम विभाग पहले ही जानकारी दे देता है उसको ध्यान में रखते हुए घरों से निकले। इमरजेंसी में अगर जाना ही जरूरी है तो तूफान आने पर सुरक्षित जगह पर खड़े हो जाएं, पेड़ों का सहारा ना लें, सुरक्षा ही एकमात्र सुरक्षित रहने का रास्ता है।

उन्होंने जनता से यह भी अपील की कि आंधी तूफान में गिरे टूटे पेड़ों को ना उठाया जाए, क्योंकि जो पेड़ नहरों, सड़कों, रेलवे लाइनों, ड्रेनों के किनारे खड़े हैं वे सरकारी पेड़ है और उसे बीट में जो कर्मचारी इंचार्ज है उसके चार्ज में खड़े हैं। अगर आप पेड़ उठाकर ले जाएंगे तो उन कर्मचारियों के वेतन से पेड़ की रिकवरी वन विभाग हरियाणा सरकार करेगी। इसलिए बीट इंचार्ज वनरक्षक पेड़ उठाने वालों का चालान करेगा ।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028



**पूर्व प्रधानमंत्री को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि**

# नेहरु जी की उपलब्धियों पर की चर्च

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**



जिला कांग्रेस कमेटी सोनीपत द्वारा सुभाष चौक स्थित कांग्रेस भवन में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. जवाहर लाल नेहरु की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सभी वक्ताओं द्वारा नेहरु जी के योगदान एवं उपलब्धियों पर चर्चा की गई कि किस प्रकार नेहरु ने देश को आजादी के बाद एक सुदृढ़ राष्ट्र बनाने के लिए चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करते हुए सफलता पूर्व देश को एक मजबूत आधार प्रदान किया और देश की उस समय की जरूरतों और भविष्य के लक्ष्य को ध्यान में रखकर संसाधनों का निर्माण करवाया। देश की सच्ची श्रद्धांजली उनको तभी हो सकती है जब हम उनके विचारों पर चलते हुए राष्ट्र निर्माण के कार्यों मे अपना निःस्वार्थ योगदान दें।

इस दौरान पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सासंद धर्मपाल मलिक, पूर्व विधायक जगबीर मलिक, पदम सिंह दहिया पूर्व, प्रदेश प्रवक्ता राकेश सौदा एडवोकेट, प्रेमनारायण गुप्ता, चैयरमैन अशोक छाबड़ा, सुरेन्द्र शर्मा, जिलाध्यक्ष दयानन्द वाल्मीकि, ईसाक अली सेवादल, एडवोकेट आशा अहलावत, टीम कमल दीवान आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वहीं कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव डा. सत्यवीर निर्माण ने कांग्रेस कार्यालय सोनीपत में अपने साथियों के साथ देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की 61वीं पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर फुल मालाएं अर्पण किए। डा. निर्माण ने बताया कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय पं. जवाहरलाल नेहरू का आधुनिक देश बनाने में उनका सबसे अहम योगदान है।

### भारत के सपनों के शिल्पकार थे नेहरू : डॉ. सुरेश

**गोहाना।** जींद रोड गोहाना स्थित जवाहरलाल नेहरू पार्क में मंगलवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्व. जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नागरिकों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के निदेशक डॉ. सुरेश सेतिया ने कहा कि भूतपूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु भारत के सपनों के शिल्पकार थे। देश की स्वतंत्रता व नव भारत के निर्माण में आपके अतुलनिया योगदान का संपूर्ण राष्ट्र सदैव ऋणी रहेगा। श्रद्धांजलि समारोह की अध्यक्षता मोर्चे के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने की। उन्होंने कहा कि जवाहरलाल नेहरु ने 1940 में महात्मा गांधी के साथ सीमित सविनय अवज्ञा आंदोलन में बढ़ चढकर कर भाग लिया था। इसके लिए उन्हें 4 साल के लिए जेल भेजा गया। देश की आजादी के लिए उन्होंने 1921 से 1945 के बीच करीब 9 साल जेल में बिताए। समारोह में उधम सिंह, सुभाष शर्मा, श्रीभगवान, जगमहेंद्र, विकास, रवि कुमार व मोनू विशेष रूप से मौजूद रहे।



सोनीपत। कार्यशाला में शामिल प्रतिभागियों के साथ प्राचार्या एवं अन्य।

# स्टेम शिक्षा में नवीन दृष्टिकोणों को बढ़ावा देने के लिए दिया ज्ञान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

■ ब्राइट स्कॉलर स्कूल में हुआ कार्यशाला का आयोजन

ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सोनीपत में मंगलवार को स्टेम-डीएलडी विशेषज्ञ-नेतृत्व कार्यक्रम आयोजित कर स्टेम शिक्षा में नवीन दृष्टिकोणों को बढ़ावा देने के लिए अनुभवी शिक्षकों को बुलाया गया। कार्यक्रम में प्रतिष्ठित विशेषज्ञों के नेतृत्व में विचारोत्तेजक सत्रों के माध्यम से अनुसंधान, शिक्षाशास्त्र और नीति को एकीकृत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. किरण दलाल ने अपने संबोधन में स्टेम शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। बीएम इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में डीन एकेडमिक्स डॉ. विशाल जैन ने आईओटी और कंट्रोल सिस्टम सहित इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में अंतःविषय नवाचार पर अंतर्दृष्टि साझा की। अनुभवी विज्ञान शिक्षिका संयोगिता शर्मा ने नई एजुकेशन पालिसी के साथ संरेखित अनुभवात्मक और कला-एकीकृत शिक्षण प्रथाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में केस पेपर दृष्टिकोणों के माध्यम से प्रभावी प्रलेखन प्रस्तुति विधियों पर इंटरेक्टिव गतिविधियां और चर्चाएं शामिल थीं, जो सीखने के अनुभव को बढ़ाती हैं। कार्यशाला का उद्देश्य ए आई, कोडिंग, रोबोटिक्स, और प्रोजेक्ट आधारित शिक्षा के प्रति रुचि जागृत करना रहा।